संस्थान पोर्टल पर अपलोड नहीं कर रहे अंक, अटक गए रिजल्ट

उत्तराखंड तकनीकी विवि ने संस्थान निदेशकों को पत्र जारी कर दी चेतावनी

संवाद न्यूज एजेंसी

देहरादून। कई तकनीकी संस्थानों की ओर से छात्रों के सेशनल और प्रैक्टिकल अंकों को उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के यूएमएस (यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट पोर्टल) पर अपलोड नहीं किया जा रहा है। जिसके चलते ऐसे संस्थानों के छात्रों के परीक्षा परिणाम अधर में लटक सकते हैं। विवि ने चेतावनी जारी की है कि यदि प्रायोगिक अंकों को अपलोड नहीं किया जाता है तो रिजल्ट रोके जाने के लिए संस्थान स्वयं जिम्मेदार होंगे।

उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. वीके पटेल की ओर से सम सेमेस्टर 2023-24 के परीक्षाफल को लेकर संस्थानों के निदेशकों को पत्र जारी किया गया है। जिसमें बताया गया है कि कई संस्थानों की ओर से थ्योरी, सेशनल एवं प्रैक्टिकल आदि के अंकों को यूएमस पोर्टल पर अपलोड नहीं किया गया है। ऐसी स्थिति में इन संस्थाओं के परीक्षा परिणाम लंबित हैं।

ऐसे में परीक्षा परिणाम घोषित नहीं होने से छात्रों को जो नुकसान होगा, उसकी जिम्मेदारी संबंधित संस्थानों की होगी।

समर सेमेस्टर का भी नहीं मिलेगा लाभ

सेशनल और प्रैक्टिकल अंकों के कारण परीक्षा परिणाम में देरी होती है तो फेल होने वाले छात्रों को नुकसान होगा। क्योंकि इस बार फेल होने वाले छात्रों को मौका देने के लिए समर सेमेस्टर की व्यवस्था की गई है। जिसमें छात्रों को निर्धारित समय के लिए क्लासेज लेनी होगी और इसके बाद जुलाई माह में प्रस्तावित समर सेमेस्टर परीक्षा में भाग लेकर आगामी कक्षाओं में प्रवेश के लिए न्यूनतम क्रेडिट हासिल कर सकेंगे।

वहीं, दूसरी ओर सम सेमेस्टर परीक्षा की कॉपियों की ऑनलाइन जांच नहीं करने वाले शिक्षकों को लेकर भी विवि ने आपत्ति जताई है। साथ ही संस्थान निदेशकों से कॉपियों की जांच का काम गंभीरता के साथ पूरा कराने कहा है।

प्रवेश के लिए 65 हजार छात्रों ने आवेदन किया

देहरादून। श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश लेने के लिए प्रदेश भर में 65 हजार से अधिक छात्रों ने आवेदन किया। विवि के यूजी कोर्सों में प्रवेश के लिए समर्थ पोर्टल में आवेदन को अनिवार्य किया गया था। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 20 जून तय की गई थी। आवेदन के बाद विवि से संबद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके साथ ही फीस का भुगतान भी छात्रों को ऑनलाइन करना होगा। 21 जून से महाविद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू हो गए। ऐसे में अब एक जुलाई से प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी। संवाद

आज से शुरू होंगे पंजीकरण

विवि से संबद्ध निजी कॉलेज में बीएड और बीएससीबीएड चार वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स की 100 सीटों (50 कला वर्ग और 50 विज्ञान वर्ग) के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू होगी। जबकि पंजीकरण एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून तय की गई है। जबकि प्रवेश प्रक्रिया सात जुलाई से शुरू होगी।